स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 02.01.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में निगम उपायुक्त श्री आर0बी0एस0 चौहान, जोन आयुक्त डी0के0 वर्मा, जनसम्पर्क अधिकारी सुभाष सिंह ठाकुर की उपस्थिति में सेवानिवृत हुए श्री प्रमोद सिंह सेंगर राजस्व निरीक्षक, बी0एन0 तिवारी स्वच्छता पर्यवेक्षक, श्री प्रेमदास, श्री सुकलाल, श्रीमती लगनी बाई सफाई कामगार, को निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंट कर ससम्मान बिदाई देते हुए उनके निवास स्थान पर निगम वाहन से पहुंचाया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त श्री चौहान ने कहा कि आप लोगों ने अपने सेवा कार्यकाल में उच्च अधिकारियों द्वारा सौंपे गये कार्यों का निष्ठा पूर्वक संपादन किया जाता रहा है आप लोगों का व्यवहार अधिकारी एवं कर्मचारियों के बीच मधुर संबंध रहें हैं आप लोग अपने सेवाकाल से सेवानिवृत्त हो रहें है निगम परिवार आप लोगों के उज्जवल भविष्य एवं दीर्घायू होने की कामना करता है आप हमेशा निगम परिवार को अपने पास ही पायेंगे। कार्यक्रम का संचालन संजय शर्मा एवं आभार अमरु देवागन ने किया।

भावभिनी बिदाई कार्यक्रम में जीवन वर्मा, श्रवण ठाकुर, वकील अहमद, जयकुमार जैन, यतीन्द्र नाथ देवांगन, मांझी पटवारी, धर्मेन्द्र मिश्रा, संजय शर्मा, अजय शुक्ला, विनोद चन्द्राकर, भुपेश्वर देशमुख, संतोष पाण्डेय, कृष्णा देशमुख, भारती बाबू, नारद शर्मा, अंजनी सिंह, अनुज यादव, मंजू चंदेल, तुलसी देवांगन, जलजा आचारी, सहित सैकड़ों की संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी